भारतीय रिज़र्व बैंक

मानव संसाधन प्रबंध विभाग

अहमदाबाद

तदर्थ आधार पर फार्मेसिस्ट की नियुक्ति

भारतीय रिज़र्व बैंक, अहमदाबाद (बैंक), निम्नलिखित नियम और शर्तों पर तदर्थ एवं **दैनिक पारिश्रमिक** पर योग्यताप्राप्त फार्मेसिस्टों से **फार्मेसिस्ट के रूप में कार्य करने के लिए** आवेदनपत्र आमंत्रित करता है।

1. फार्मेसिस्ट को रु. 200/- प्रति घंटे की दर पर प्रतिदिन अधिकतम 5 घंटे के हिसाब से निश्चित पारिश्रमिक अदा किया जाएगा जो प्रतिदिन रु. 1000/- से अधिक नहीं होगा। साथ ही वे किसी प्रकार के वेतन, भत्ते अथवा किसी अन्य पर्क / सुविधाओं के लिए पात्र नहीं होंगे।
2. बैंक के पास यह अधिकार है कि वह किसी भी समय बिना कोई नोटिस दिए अथवा कारण बताए फार्मेसिस्ट की सेवाओं का उपयोग बंद कर सकता है।
3. फार्मेसिस्ट को बैंक के जिस कर्मचारी अथवा बैंक चिकित्सा अधिकारी अथवा चिकित्सा कंसल्टेंट के अधिकार क्षेत्र, पर्यवेक्षण और नियंत्रण के अधीन तैनात किया गया है, उन्हें उनके द्वारा समय समय पर जारी आदेशों, निदेशों का पालन करना होगा।
4. उन्हें बैंक के कार्यकलापों के संबंध में अति गोपनीयता बरतनी होगी और वे उच्च सत्यनिष्ठा के साथ ईमानदारी और वफादारी से बैंक की सेवा करेंगे।
5. फार्मेसिस्ट द्वारा की गई सेवाओं से उन्हें बैंक की सेवा में अस्थायी अथवा स्थायी पद का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
6. वे बैंक के नियमित कर्मचारी नहीं होंगे और बैंक के नियमित कर्मचारियों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं के लिए पात्र नहीं होंगे।
7. आवश्यकता होने पर उन्हें अहमदाबाद स्थित बैंक के किसी भी औषधालय में वहां के कार्यसमय के दौरान कार्य करना होगा और बैंक उनसे जितने घंटों के लिए काम करवाएगा उनका पारिश्रमिक उतने घंटों की संख्या पर निर्भर करेगा।

जिन उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से फार्मेसी का डिप्लोमा है और जो फार्मेसी अधिनियम, 1948 के अंतर्गत पंजीकृत हैं, वे अपने आवेदनपत्र, संलग्न फॉर्मेट में अपने प्रमाणपत्रों की फोटो प्रतियों के साथ क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, मानव संसाधन प्रबंध विभाग, भर्ती अनुभाग, गांधी पुल के पास, अहमदाबाद- 380 014 को **10 फरवरी, 2012** को अथवा उससे पहले भिजवा दें।

अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

विस्तृत जानकारी, हमारे कार्यालय अथवा बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in में लॉगऑन करके प्राप्त की जा सकती हैं।

पासपोर्ट
साइज़
फोटोग्राफ

तदर्थ आधार पर फार्मेसिस्ट के पद के लिए आवेदनपत्र

1. पूरा नाम:
2. वर्तमान पता:
3. स्थायी पता:
4. जन्म तिथि:
5. आयु (31.01.2012 को)
6. श्रेणी (जनरल/अजाति/अनुजजाति/अपिव):
7. लिंग:
8. शैक्षिक योग्यता:
9. अनुभव (यदि कोई हो)

मैं एतदद्वारा यह घोषणा करता हूं कि आवेदनपत्र में दिया गया पूरा विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूरा और सही है। मैं यह जानता हूं कि यदि किसी भी स्तर पर यह पाया गया कि आवेदनपत्र में दी गई कोई भी जानकारी झूठी / गलत है अथवा मैं बैंक के अनुसार पात्रता की कसौटी पर खरा नहीं उतरता तो मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति रद्द / समाप्त की जा सकती है। मैंने विज्ञापन में दी गई शर्तों को पढ़ा और समझा है और एतदद्वारा उनका पालन करने का वचन देता हूं।

स्थान:
तारीख:

आवेदक के हस्ताक्षर:

1. आवेदक को चाहिए कि वे फोटोग्राफ लगाने सहित आवेदनपत्र को पूरी तरह से भरें।
2. किसी भी प्रकार से अधूरा आवेदनपत्र अस्वीकृत कर दिया जाएगा और इस संबंध में बैंक कोई पत्राचार नहीं करेगा।